पंजाब केसरी 08/05/2023



प्रतियोगिता में विजेता रही छात्राओं के साथ कालेज प्राचार्य व छात्रा परमीत। (चंद्रमोहन)

# जी.एम.एन. कालेज में समाज शास्त्र विभाग द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

अम्बाला छावनी, 7 मई (कोचर): कैंट के गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज के समाजशास्त्र विभाग द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका विषय समाज, संस्कृति एवं सामाजिक परिवर्तन था। इस प्रतियोगिता में 25 से अधिक छात्र एवं छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिसका आयोजन विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. रचना खन्ना के मार्गदर्शन में किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार मोनी, द्वितीय पुरस्कार तुषिता और तृतीय पुरस्कार प्रतीक भाटिया को दिया गया। वहीं कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने सभी विजेताओं को सर्टीफिकेट देकर सम्मानित किया।

**छात्रा पलमीत ने महाविद्यालय का नाम किया रोशन**

उधर, कालेज की छात्रा पलमीत ने एक बार फिर से अपनी काबिलियत का प्रदर्शन करते हुए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र की वार्षिक परीक्षा 2022 के तीसरे सैमेस्टर में स्वर्णिम अक्षरों से अपने हस्ताक्षर किए। हाल ही में एम.ए. अंग्रेजी तृतीय सैमेस्टर 2022 का परिणाम आया, जिसमें कालेज की छात्रा पलमीत ने मैरिट सूची में 500 में से 368 अंक प्राप्त कर अपना नाम दर्ज किया।

छात्रा पलमीत ने पूरे विश्व विद्यालय की मैरिट सूची में 5वां स्थान प्राप्त कर जी.एम.एन. महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।